TOPPER LEARNING

Get More Marks

MOST IMPORTANT QUESTIONS

CBSE

Class IX A – Hindi
Most Important Questions

क्षितिज

गद्यखंड

पाठ : दो बैलों की कथा

1. 'दो बैलों की कथा' कहानी में बैलों के माध्यम से कौन-कौन से नीति-विषयक मूल्य उभरकर आए हैं?
2. प्रस्तुत कहानी में प्रेमचंद ने गधे की किन स्वभावगत विशेषताओं के आधार पर उसके प्रति रूढ़ अर्थ 'मूर्ख' का प्रयोग न कर किसी नए अर्थ की ओर संकेत किया है?
3. किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी?
4. "लेकिन औरत जात पर सींग चलाना मना है, यह भूल जाते हो।" - हीरा के इस कथन के माध्यम से स्त्री के प्रति प्रेमचंद के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिये।
5. आशय स्पष्ट कीजिए - 'उस एक रोटी से उनकी भूख तो क्या शांत होती; पर दोनों के ह्रदय को मानो भोजन मिल गया'।
6. हीरा और मोती ने शोषण के खिलाफ़ आवाज़ उठाई लेकिन उसके लिए प्रताड़ना भी सही। हीरा-मोती की इस प्रतिक्रिया पर तर्क सहित अपने विचार प्रकट करें।

पाठ : ल्हासा की ओर

1. नेपाल-तिब्बत मार्ग का महत्त्व बताइए।
2. तिब्बत में डाँडे किसे कहते हैं? यह खतरनाक क्यों है?
3. डाँडे में कानून व्यवस्था ढीली होने के क्या कारण है?

4. ल्हासा की और भ्रमण करते समय तिब्बत के सामाजिक जीवन के बारे में क्या पता चलता है?
5. भिखमंगे के वेश में होने के बावजूद लेखक को ठहरने के लिए उचित स्थान मिला और दूसरी यात्रा के समय भद्रवेश में होने पर भी उन्हें उचित स्थान नहीं मिला क्यों?
6. उस समय तिब्बत में हथियार का कानून न रहने के कारण यात्रियों को किस प्रकार का भय बना रहता था?
7. अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

पाठ : साँवले सपनों की याद

1. सालिम अली हर समय क्या लिए रहते थे और क्यों?
2. किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया?
3. सालिम अली ने पूर्व प्रधानमंत्री के सामने पर्यावरण से संबंधित किन संभावित खतरों का चित्र खींचा होगा कि जिससे उनकी आँखें नम हो गई थीं?
4. "साँवले सपनों की याद" शीर्षक की सार्थकता पर टिप्पणी कीजिए।
5. लॉरेंस का व्यक्तित्व कैसे रहा होगा?
6. सलीम अली ने अपना सारा जीवन कहाँ समर्पित कर दिया?

पाठ : नाना साहब की पुत्री मैना देवी को भस्म कर दिया गया

1. मैना जड़ पदार्थ मकान को बचाना चाहती थी, पर अंग्रेज उसे नष्ट करना चाहते थे, क्यों स्पष्ट कीजिए।
2. कानपुर के भीषण हत्याकांड के बाद अंग्रेज सैनिकों ने क्या किया?
3. बालिका मैना के जीवन से हमें क्या सीख मिलती है? पठित पाठ के आधार पर लिखिए।
4. सेनापति हे मैना के किस गुण से प्रभावित हुए थे?

5. महल को बचाने के लिए जनरल 'हे' को देवी मैना द्वारा दिए गए तर्क कहाँ तक उचित थे?
6. बालिका ने सेनापति से किस भाषा में अनुरोध किया? इससे क्या सिद्ध होता है?
7. सेनापति 'हे' ने जनरल आउटरम से क्या प्रार्थना की?

पाठ : प्रेमचंद के फटे जूते

1. हरिशंकर परसाई ने प्रेमचंद का जो शब्द चित्र हमारे सामने प्रस्तुत किया है उससे प्रेमचंद के व्यक्तित्व की कौन कौन-सी विशेषताएँ उभरकर आती हैं?
2. जूता हमेशा टोपी से कीमती रहा है। अब तो जूते की कीमत और बढ़ गई है और एक जूते पर पचीसों टोपियाँ न्योछावर होती हैं- पंक्तियों में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए
3. 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ के आधार पर प्रेमचंद की किन विशेषताओं से आप प्रभावित हें हैं किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख करें।
4. 'तुम परदे का महत्त्व ही नहीं जानते, हम परदे कर कुर्बान हो रहे हैं'- इस कथन का आशय स्पष्ट करें।
5. प्रेमचंद के चित्र से उनके किस स्वभाव का का पता चलता है?
6. प्रेमचंद के स्वभाव की क्या कमजोरी थी?

पाठ : मेरे बचपन के दिन

1. लेखिका ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है?
2. 'मैं उत्पन्न हुई तो मेरी बड़ी खातिर हुई और मुझे वह सब नहीं सहना पड़ा जो अन्य लड़कियों को सहना पड़ता है।' इस कथन के आलोक में आप यह

पता लगाएँ कि - लड़कियों के जन्म के संबंध में आज कैसी परिस्थितियाँ हैं?

3. लेखिका महादेवी वर्मा उर्दू-फ़ारसी क्यों नहीं सीख पाई थी? 'मेरे बचपन के दिन' पाठ के आधार पर लिखिए।
4. सुभद्राकुमारी चौहान ने महादेवी वर्मा की काव्य प्रतिभा को निखारने में किस प्रकार योगदान दिया?
5. लेखिका के छात्रावासीय जीवन का वर्णन 'मेरे बचपन के दिन' पाठ के आधार पर करें।
6. 'मेरे बचपन के दिन' पाठ की लेखिका के जन्म से पहले लड़कियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता था?
7. लेखिका महादेवी को चाँदी का कटोरा क्यों मिला था? इस पर सुभद्राजी ने क्या कहा था? बताइए।

काव्य खंड

कविता : कबीर - साखियाँ

1. 'मानसरोवर' से कवि का क्या अभिप्राय है?
2. अंतिम दो दोहों के माध्यम से से कबीर ने किस तरह की संकीर्णता की ओर संकेत किया है?
3. किसी भी व्यक्ति की पहचान उसक कुल से होती है या कर्मों से? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

कविता : कबीर - सबद (पद 1) - मौकों कहाँ ढूंढें बंदें

1. कबीर ने ईश्वर प्राप्ति के लिए किन प्रचलित विश्वासों का खंडन किया है
2. कबीर ने ईश्वर को सब स्वाँसों की स्वाँस में क्यों कहा है?

कविता : वाख

1. कवयित्री द्वारा मुक्ति के लिए किए जाने वाले प्रयास व्यर्थ क्यों हो रहे हैं?
2. भाव स्पष्ट कीजिए - जेब टटोली कौड़ी न पाई।
3. बंद द्वार की साँकल खोलने के लिए ललदय ने क्या उपाय सुझाया है?
4. हमारे संतों, भक्तों और महापुरुषों ने बार-बार चेताया है कि मनुष्यों में परस्पर किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होता, लेकिन आज भी हमारे समाज में भेदभाव दिखाई देता है - आपकी दृष्टि में इस कारण देश और समाज को क्या हानि हो रही है?

कविता : सवैये

1. सखी ने गोपी से कृष्ण का कैसा रूप धारण करने का आग्रह किया था? अपने शब्दों में वर्णन कीजिये।
2. ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम किन-किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है?

कविता : कैदी और कोकिला

1. किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है और क्यों?
2. कविता के आधार पर पराधीन भारत की जेलों में दी जाने वाली यंत्रणाओं का वर्णन कीजिए।
3. भाव स्पष्ट कीजिए - 'हूँ मोट खींचता लगा पेट पर जुआ, खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड़ का कुँआ'।
4. कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है?

कविता : चंद्र गहना से लौटती बेर

1. 'चंद्रगहना लौटती बेर' कविता के आधार पर लिखिए कि कविता में सरसों को सबसे सयानी क्यों कहा गया है?

2. 'चंद्रगहना लौटती बेर' कविता के अनुसार 'प्रकृति का अनुराग-अंचल हिल रहा है', पंक्ति का भाव स्पष्ट करते हुए बताइए कि कवि किस स्थान का वर्णन कर रहे हैं?
3. 'हाथ पीले करने उक्ति का आशय स्पष्ट करते हुए बताइए कि' किसने किस उद्देश्य से हाथ पीले कर लिए हैं?
4. 'चन्द्र गहना लौटती बेर' कविता में चने के पौधे को देखकर कवि के मन में क्या कल्पना जगी?
5. 'चन्द्र गहना लौटती बेर' कविता में चने के पौधे को ठिगना क्यों कहा गया है और वह किस प्रकार खड़ा है?

कविता : मेघ आए

1. लता ने बादल रूपी मेहमान को किस तरह देखा और क्यों?
2. भाव स्पष्ट कीजिए- 'क्षमा करो गाँठ खुल गई अब भरम की'।
3. मेघ रूपी मेहमान के आने से वातावरण में क्या परिवर्तन हुए?
4. मेघ आए कविता में नदी के ठिठकने का कारण स्पष्ट कीजिए।
5. 'मेघ आए' कविता में पेड़ किसका प्रतीक है? वह मेहमान को देखने के लिए क्या करते हैं?

कविता : यमराज की दिशा

1. कवि को दक्षिण दिशा पहचानने में कभी मुश्किल क्यों नहीं हुई? या माँ के समझाने पर कवि को क्या फायदा हुआ? 'यमराज की दिशा' कविता के आधार पर लिखें।
2. 'यमराज की दिशा' कविता के आधार पर लिखिए कि आज हर दिशा दक्षिण दिशा क्यों हो गई है?
3. कवि की यमराज के घर को देखने की इच्छा अधूरी ही क्यों रह गई?

कविता : बच्चे काम पर जा रहे हैं

1. कवि का मानना है कि बच्चों के काम पर जाने की भयानक बात को विवरण की तरह न लिखकर सवाल के रूप में पूछा जाना चाहिए कि 'काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे?' कवि की दृष्टि में उसे प्रश्न के रूप में क्यों पूछा जाना चाहिए?
2. सुविधा और मनोरंजन के उपकरणों से बच्चे वंचित क्यों हैं?
3. 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता में 'कितना भयानक होता अगर ऐसा होता' पंक्ति में 'कितना भयानक उक्ति से आप क्या समझते हैं?
4. 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' नामक कविता में समाज की किस कुरीति की ओर संकेत किया गया है?

कृतिका

पाठ : मेरे संग की औरतें

1. लेखिका ने अपनी नानी को कभी देखा भी नहीं फिर भी उनके व्यक्तित्व से वे क्यों प्रभावित थीं?
2. लेखिका की माँ परम्परा का निर्वाह न करते हुए भी सबके दिलों पर राज करती थी। इस कथन के आलोक में - लेखिका की माँ की विशेषताएँ लिखिए।
3. लेखिका ने डालमिया नगर में नारी-चेतना जागने का प्रयास किस प्रकार किया।
4. डराने-धमकाने, उपदेश देने या दबाव डालने की जगह सहजता से किसी को भी सही राह पर लाया जा सकता है - पाठ के आधार पर तर्क-सहित उत्तर दीजिए।
5. लेखिका के पिता ने उसे पढ़ने के लिए जो किताबें दी थी, उससे लेखिका किस प्रकार प्रभावित हुई?
6. चोर माँ की किस बात से प्रभावित हुआ?

पाठ : रीढ़ की हड्डी

1. अपनी बेटी का रिश्ता तय करने के लिए रामस्वरूप उमा से जिस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा कर रहे हैं, उचित क्यों नहीं है?
2. गोपाल प्रसाद लड़के के पिता हैं, परंतु यदि वह लड़की का पिता होते तो क्या तब भी उनकी विचारधारा इसी प्रकार की होती? 'रीढ़ की हड्डी' पाठ के आधार पर लिखिए।
3. गोपाल प्रसाद की किस विचारधारा से रामस्वरूप जी खिन्न थे, आप उनसे कहाँ तक सहमत है?
4. गोपालप्रसाद जैसे लोगों को सुधारने के लिए समाज में क्या किया जाना आवश्यक है?
5. 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी की शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट करें।
6. 'रीढ़ की हड्डी' पाठ के आधार पर उमा की माँ 'प्रेमा' समाज के किस वर्ग का प्रतिनिधित्व कर रही है और कैसे?
7. 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में किस समस्या को उठाया गया है? स्पष्ट कीजिए।

पाठ : माटी वाली

1. माटी वाली के पास अपने अच्छे या बुरे भाग्य के बारे में ज़्यादा सोचने का समय क्यों नहीं था?
2. 'भूख मीठी की भोजन मीठा' से क्या अभिप्राय है?
3. 'गरीब आदमी का श्मशान नहीं उजड़ना चाहिए'- माटीवाली कहानी के आधार पर इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।
4. माटीवाली को टिहरी शहर किस रूप में जाना पहचाना जाता था?

“YOU NEED MORE? WE’VE GOT MANY!”

DOUBT SOLVING

Instant: Live Chat

Elaborate : Ask The Expert

WEBINAR ‘JUST FOR YOU!’

For The Users Who Have Bought Our Packages

PAST YEAR PAPERS

TEXTBOOK SOLUTIONS

TOPPER LEARNING

Get More Marks